## चरनोईभूमि पर अतिक्रमण, सड़कों पर भटक रहे मवेशी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में 30 गौशालाओं के आरंभ हो जाने के बाद भी यदि गौवंश विभिन्न हालातों के शिकार हो रहें हैं। इस दिशा में प्रशासन व स्थानीय संस्थाएं सवालों के घेरे में है। हालातों के बीच विगत एक वर्ष में लगभग 800 गायों की मौत हो चुकी है। ग्राम पंचायतों द्वारा मृत पशुओं को उठाने एवं उनके अंतिम संस्कार में कोताही बरते जाने की मामले भी सामने आये हैं।

पिछले दो दशकों में भारी तेजी से आवासीय एवं कृषि क्षेत्रफल का विस्तार हुआ है। जिसके कारण शासकीय रिकार्डों में दर्ज चरनोई भूमि पर अतिक्रमण भी काफी तेजी से बढ़ा है। जिसके फलस्वरुप शासकीय उपयोग होने वाली भूमि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गायब ही हो गई है। चरनोई भूमि गायब होने के कारण मवेशियों को भोजन की तलाश में सड़कों पर भटकना पड़ता है। पूर्व में



### जिले में 30 गोशालाओं के आरंभ होने पर भी नहीं सुधरी हालत, दुर्घटना का हो रहे शिकार

सभी ग्रामों में पशुओं के चारागाह के लिए शासकीय भूमि राजस्व रिकार्ड में चरनोई भूमि के नाम से दर्ज होती थी, जिसे गोठान की भूमि भी कहा जाता है। यह भूमि अब गांवों में देखने नहीं मिलती मवेशी सड़कों पर भटकते है, दुर्घटनाओं शिकार होते है तथा यातायात अराजक हो रहा है।

**मवेशियों से दुर्घटना की आशंका** - लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर आवासीय और कृषि के रूप में उपयोग किये जाने के कारण मवेशियों के चारागाहो, गोठान ही नष्ट हो गये है जिसके कारण अब नगर और गांवों में खाली पड़ी भूमि और सड़कों पर मवेशी चारे के लिए घूमते रहते हैं, मवेशियों का सड़को पर बैठे नजर आते हैं जिससे यातायात में बाधा तो पहुंचती ही है साथ ही कई बार दुर्घटनाये भी हो जाती है। जिसमें वे गंभीर रुप से घायल, दुर्घटना में अपंग और मर भी जाते हैं।

### काटे जा रहे हरे भरे वृक्ष

**शासकीय भूमि पर लगे वृक्षों का लगातार कटने से न सिर्फ इन जानवरों के लिए छाया की कमी हुई है बल्कि शासकीय भूमि पर लोगों ने भारी कब्जा भी जमाया है। सूत्रों के अनुसार हर एक गांव में लगभग 2 से 5 एकड़ तक चरनोई भूमि सुरक्षित रहती है परन्तु ग्राम पंचायतों की उदासीनता के चलते धीरे धीरे लगभग सभी ग्रामों की चरनोई भूमि विलुप्त हो गई है, हालाकि शासकीय रिकार्डो में आज भी यह भूमि चरनोई के रुप में दर्शायी जा रही है। परन्तु जमीनी हकीयत यह है कि अतिक्रमण और अवैध कब्जे के चलते कहीं भी जानवरों के चरने की सुरक्षित जगह ही नहीं बची है।**

## एक और आरोपी शुल्क लिपिक गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फीस एवं छात्रवृत्ति घोटाले में पुलिस ने एक और आरोपी छात्रवृत्ति एवं शुल्क लिपिक वीरेन्द्र कुमार पवार को गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व कैफे संचालक वैभव जैन को गिरफ्तार किया गया था।

### फीस एवं छात्रवृत्ति घोटाला



उल्लेखनीय है की विगत गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश जैन द्वारा दिए गए आवेदन पर थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट पर आरोपी वैभव जैन पिता बसंत जैन, उम्र 32 वर्ष, निवासी शिवाजी वार्ड, गाडरवारा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 342/25 धारा 318 तीन, 336 तीन, 338 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था एवं आरोपी वैभव जैन को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था।

वर्तमान में आरोपी वैभव जैन, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में निरूद्ध है। इसी कड़ी में आरोपी वैभव जैन से पूछताछ करने पर प्राप्त जानकारी एवं विवेचना के दौरान आये साक्ष्यों के आधार पर पीजी कॉलेज के छात्रवृत्ति एवं शुल्क लिपिक वीरेन्द्र कुमार पवार उम्र 36 वर्ष निवासी खनूजा कॉलोनी गाडरवारा को धोखाधड़ी एवं अपराध में सहयोग करने के आरोप गत शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय ज्यूडिशियल रिमाँड पर प्रस्तुत किया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

## सार-समाचार

### पैसे वापस मांगने पर जेठ ने बहू से की मारपीट

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साली चौका रेता मोहल्ला निवासी ज्योतिबाई अहिरवार ने सालेचौका चौकी में जेठ तथा जेठ के बेटे द्वारा मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण कायम कर लिया है।बताया जाता है कि ज्योति अहिरवार ने जेठ के लड़के बबलू अहिरवार की लड़की की शादी में उन्होंने 50 हजार रूपए मदद के तौर पर दिए थे, जब जरूरत होने पर वापस मांगे तो जेठ बबलू अहिरवार एवं उनका लड़का नितिन अहिरवार ने गंदी-गंदी गालियां दी। जेठ बबलू ने उनके सिर पर लाठी से बार किया जिससे सिर में चोट आई। नितिन अहिरवार ने उनके साथ मक्का थप्पड़ मार कर चोटे पहुंचाई। पुलिस ने बबलू अहिरवार तथा नितिन अहिरवार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 115 दो, 351 तीन, तथा 3 पांच के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्थानीय शक्कर नदी पुल के पास चिर्रिया निवासी राजेंद्र पचौरी उम्र 52 साल को 16 पाव देसी मदिरा प्लेन तथा 9 पाव देसी मदिरा मसाला कुल कीमत 2430 रुपए के साथ पकड़े जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 एक के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### स्मैक पीने वाले दो गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय राधावल्लभ वार्ड निवासी राजा राजपूत उम्र 28 वर्ष त्रिवेणी गेट के पास कागज की पुंगी के माध्यम से स्मैक का सेवन करते पाए जाने तथा राधावल्लभ वार्ड निवासी गौरव राजपूत उम्र 24 साल रेलवे ब्रिज फाटक के ऊपर स्मैक का सेवन करते पाए जाने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अलग अलग प्रकरण दर्ज कर स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8 तथा 27 के तहत कार्यवाही की है।

### नसबंदी शिविर आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरूष नसबंदी एनएसव्हीटी/ एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। आगामी 23 मार्च को सिविल अस्पताल गाडरवारा में महिला एवं पुरूष नसबंदी-एनएसव्हीटी/ एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है।

### आत्महत्या प्रताड़ना मामले में ससुर-पति दोषमुक्त

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी ने पुलिस थाना गोटेगांव अंतर्गत ग्राम कुटरी में मृतिका ग्यारसी बाई की आत्महत्या प्रताड़ना मामले आरोपी राधेश्याम ठाकुर एवं चतुर ठाकुर को दोषमुक्त बरी कर दिया। दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को ग्यारसी बाई का शव केसली के जंगल में फांसी पर लटका हुआ मिला था। पुलिस ने मृतिका के ससुर राधेश्याम ठाकुर और पति चतुर सिंह को मृतिका को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या हेतु दुष्प्रेरित करने के अपराध में धारा 85, 108, 3(5 ) भारतीय न्याय संहिता के तहत गिरफ्तार कर मामला विचारण हेतु प्रस्तुत किया था। साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने दोनों आरोपियों को निर्दोष बरी कर दिया। मामले में आरोपियों की पैरवी एडवोकेट देवेन्द्र गोस्वामी देवू ने की।

### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला स्तरीय स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 24 मार्च को प्रात: 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे। स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में विभागों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

### रोजगार पंजीयन शिविर आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सुरक्षा जवान व सुपरवाईजर के 500 पदों पर भर्ती के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। सुरक्षा जवान व सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती के लिए प्राचार्य शासकीय पीजी कॉलेज गाडरवारा में 23 मार्च को प्रात: 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त पदों की भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं से स्नातक होनी चाहिये।

## छात्रा शताक्षी राज्यस्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड में सम्मानित



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर के शासकीय पूर्व कन्या माध्यमिक शाला की 7 वी कक्षा की छात्रा शताक्षी कतिया ने भोपाल के डाइट में आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड में दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें अतिथियों ने सिल्वर मैडल, साईकिल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की मार्गदर्शी शिक्षिका सपना बसेड़िया को भी ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आयोजन में इस विद्यालय से 8 वी की छात्रा कोमल प्रीत कौर ने भी जिले के बच्चों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ सहभागिता की थी। विदित हो की बेटी शताक्षी स्थानीय निरंजन वार्ड निवासी सुनील कतिया की पुत्री है। शुक्रवार की रात जनशताब्दी एक्सप्रेस से दोनों छात्राओं के आगमन पर स्टेशन पर बीआरसी संदीप स्थापक, प्रधानपाठक रजनीश गुप्ता, बीएसी पवन राजोरिया सहित शिक्षक संदर्भ समूह के जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्धिकी, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, कमलेश कोरी, सुरेन्द्र पटैल एवं लिपिक अमित पटैल ने स्वागत एवं अगवानी करते हुए शुभकामनायें दी।

## तनावमुक्त अध्ययन पर बल दें : कुलगुरू

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय जबलपुर मप्र के कुलगुरू प्रो. डॉ. राजेश कुमार वर्मा का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में आगमन हुआ। सर्वप्रथम कुलगुरू का स्वागत संस्थाव प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह आईक्यूनएसी समन्वयक डॉ. सतीश दुबे व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके राय द्वारा किया गया।



तत्पश्चात् उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्हों ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्नत स्त्रोतों से ज्ञान अर्जन करने सकारात्मक भाव तथा तनावमुक्ति अध्ययन पर बल देना चाहिए तथा कॅरियर निर्माण की महत्ता पर प्रकाश डाला और वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन के अनुसार स्वयं को डालने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपनी चर्चा में विश्व विद्यालय में हो रहे नवाचार तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया और विद्यार्थियों के प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### महाविद्यालयों के संबंध में हुई विस्तार से चर्चा

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नमिता साहू विभागाध्यथक्ष हिन्दी द्वारा किया गया। इसके पश्चात् उन्होंने जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से भेंट कर महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के बीच बेहतर सामंजस्य कैसे स्थापित किया जाये इस पर मंथन किया।

महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ से वार्तालाप करते हुए उन्हों ने परीक्षा प्रणाली प्रश्न पत्र निर्माण परीक्षा के मानदेय समय पर परीक्षा परिणाम की घोषणा आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा कर स्टाफ की भी इन विषयों पर सलाह ली। विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए अपने इस दौरे को कुलगुरू ने अत्यंत महत्वपूर्ण बताया व भविष्य में भी महाविद्यालय आगमन की इच्छा प्रकट की।इस दौरान महाविद्यालय के सम्पूर्ण शैक्षणिक स्टॉफ व अधिकाधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## जिले में हुए जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य

### जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था, स्वैच्छिक संगठन सहित आम नागरिकों ने की सहभागिता




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व जल दिवस पर जिले में जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की 30 सेक्टर इकाईयों में जल संरचनाओं का निर्माण, बोरी बंधान, जल संगोष्ठी, दीवार लेखन तथा सांकेतिक पौधरोपण का कार्य किया गया है।

इस कार्य में नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, सीएमएम सीएलडीपी के विद्यार्थियों व परामर्शदाताओं, स्वैच्छिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी। इस दौरान नागरिकों ने जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी ली। ग्राम चिनकी में श्री आरण्यक चिनकी में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। इसमें कंटूर टेंच- खंती, केटल केनाल- पग बाधा नाली और पौधों के चारों ओर थालों का निर्माण किया गया। यह कार्य मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड करेली के नेतृत्व में विकासखंड की नवांकुर संस्थायें पिपरहा, नन्हीं झामर (घूरपुर) व रमपुरा और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिनकी, विश्व गायत्री परिवार चिनकी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। यह कार्य माह मार्च, अप्रैल, मई एवं जून 2025 तक किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन व ग्राम पंचायत के सहयोग से विश्व गायत्री परिवार, श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान, भारत विकास परिषद, सेवा भारती, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थायें, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम करेली एवं नरसिंहपुर के विद्यार्थियों व परामर्शदाताओं के अलावा सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक व स्वैच्छिक संगठनों सहित गणमान्य जनों की सहभागिता से कार्य होंगे। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद नरसिंहपुर श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि श्रीराम आरण्यक में स्थित विश्व गायत्री परिवार के आश्रम में जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद प्रतिनिधियों व नागरिकों की मौजूदगी में जल के संरक्षण एवं संवर्धन की विभिन्न तकनीकियों व गतिविधियों के साथ जल की आवश्यकता और गंभीर परिस्थितियों से अवगत कराया गया।

### ऊमर नदी में हुआ 98 बोरियों का बंधान

*जनअभियान परिषद द्वारा विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत बम्होरी- तिंदनी के ऊमर नदी में 98 बोरियों का बंधान किया गया। इससे भूमिगत जल में वृद्धि और ग्रीष्मकाल में पशु पक्षियों व लोगों को जल की उपलब्ध आसानी से होगी। किसानों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध होगा, जिससे सिंचिंत रकबे में वृद्धि के साथ किसानों की आय में भी बढ़ोत्तरी होगी।*



## विद्यार्थियों को दी पौधारोपण की जानकारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई एवं क्रीडा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वैलनेस कार्यक्रम के तहत विश्व जलदिवस मनाया गया।

### मनाया गया विश्व जल दिवस

जिसके तहत जलसंरक्षण एवं पौधारोपण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विश्व जलदिवस के अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रोण्शोभा मिश्रा वनस्पति विभाग से एवं क्रीडा विभाग से अर्पित सक्सेना क्रीडा अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीएस मर्सकोले मुख्य रूप से उपस्थित रहेतथा उन्होंने जलसंरक्षण के विभिन्न उपाय एवं वर्तमान समय में जलसंकट को लेकर विभिन्न जानकारियां प्रदान की ।

विद्यार्थियों ने भी अपनेअपने विचार रखें तथा जलसंरक्षण की संकल्पना ली तथा आसपास बेकार बहने वाली पानी को संरक्षित करने का संकल्प लिया तथा अपने आसपास घर परिवार में जल का दुरुपयोग रोकने के लिए संकल्पित हुए । इस प्रकार विश्व जल दिवस को के स्वास्थ्य संरक्षण के रूप में मनाया गया। भविष्य में जल को संरक्षित करने का सर्वोत्तम उपाय पौधारोपण है। मंच का संचालन एनसीसी अधिकारी डॉ राजेश कुमार ठाकुर ने किया।

## ईद की तैयारिया जोरों पर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मुस्लिम समुदाय का पवित्र महीना रमजान चल रहा है, जिसमें लोग 30 दिनों तक रोजा रखते हैं। रमजान के महीने के अंत में, मीठी ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

जामा मस्जिद के पास और शुक्रवारा मार्ग पर श्याम टॉकीज के सामने रोजा इफ्तार की सामग्री की दुकानें लगी हुई हैं। इन दुकानों में विभिन्न प्रकार के खजूर, सीरमाल, टोस, सेवइयां, फैनी और मिक्स किराना की वस्तुएं बिक रही हैं। इसके अलावा, आकर्षक किस्म की टोपियां भी बिक रही हैं। शाम को मगरिब की नमाज के बाद, पकवानों की दुकानों पर काफी भीड़ देखी जा रही है। लोग ईद की तैयारियां करने लगे हैं और कपड़ों की दुकानों पर भी भीड़ दिखाई देने लगी है।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए